हिन्दुस्तान जिंक द्वारा दरीबा में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

राजसमंद। हिन्दुस्तान जिंक राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स द्वारा शुरू की गई प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। हिन्दुस्तान जिंक राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स द्वारा दरीबा क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से युवाओं को को विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क तैयारी के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अनूठी पहल में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर रूझान दिखाया। योजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईबीयू सीईओ राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स बलवंत सिंह राठौड़ एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य सुरक्षा अधिकारी केशव कुमार, सीएसआर हेड भुवनेश शर्मा एवं अनुष्का ग्रुप के निदेशक राजीव सुराणा ने किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बैग, मासिक करेंट अफेयर्स पत्रिका अनुष्का टाइम्स का विरतरण किया गया। बलवंत सिंह राठौड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन में अथक परिश्रम की महत्वता बताई और कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को केवल कर्म को ही अपना रामबाण बनाना चाहिए। केशव कुमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी सफल होने के लिए अपने गुरू के लिए अटूट श्रद्धा के साथ अध्ययन करते रहना चाहिए और इससे ही आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। भुवनेश शर्मा ने विद्यार्थियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अथक प्रयास करके सफलता प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए नियमित कक्षाओं के बाद प्रत्येक विद्यार्थी को सभी विषयों का नियमित दोहरान भी अवश्य करने की सलाह दी। आभार व्यक्त करते हुए अनुष्का ग्रुप के निदेशक राजीव सुराणा ने कहा कि 4 माह तक संचालित यह योजना दरीबा क्षेत्र के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर हैं और सभी विद्यार्थियो को यह विश्वास जताया कि अग्रिम कक्षाओं को भी इससे %यादा ऊर्जा और उत्साह के साथ चलाया जाएगा। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक रामपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स परिधि क्षेत्र से 140 से ज्यादा युवा विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन अनुष्का ग्रुप के प्रणय जैन ने किया।